## खबर संक्षेप

### पूर्व सैनिक सम्मेलन शिविर 28 को

**नर्मदापुरम।** 28 सितंबर 2025 को जिला नर्मदापुरम में जिला स्तरीय भूतपूर्व सैनिक रैली सम्मेलन, शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली साईं कृष्णा रिसोर्ट गार्डन, पहाड़िया के पास, नर्मदापुरम में सुबह 9 बजे से शुरू होगी।

कमाण्डर अनुराग सक्सेना (से.नि.) जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि रैली के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा पूर्व सैनिकों, विधवाओं, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों को विभिन्न कल्याण कारी, पुनर्वास एवं नई योजनाओं से अवगत कराया जाएगा।

### पेंशन शिविर 22 से 24 सितंबर तक

**नर्मदापुरम।** जिला पेंशन कार्यालय द्वारा पेंशन प्रकरणों का यथा समय निराकरण कर नियमित पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 22 सितम्बर से 24 सितम्बर तक पेंशन शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर के दौरान शासकीय कार्यालयों में लंबित पेंशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा। इसमें न्यायालयीन, विभागीय जाँच तथा लोकायुक्त प्रकरणों को छोड़कर अन्य सभी लंबित प्रकरणों का विशेष रूप से निराकरण किया जाएगा।

### मौसम विभाग के अनुसार अभी मानसून की विदाई में लगेगा समय, होगी बारिश

# इस सीजन जमकर बरसे बदरा, सितंबर माह में पूरा हुआ औसत बारिश का कोटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इन दिनों मौसम की आंख मिचौनी जारी है कभी तेज धूप पड़ती है तो कभी अचानक से गरज चमक के साथ तेज बारिश हो जाती है। बताया जा रहा है कि अब मानसून की वापसी का दौर शुरू हो रहा है।

नर्मदापुरम में शुक्रवार रात 10:15 बजे गरज-चमक के साथ तेज बारिश हुई। डेढ़ घंटे में 2 इंच से ज्यादा पानी गिरा। दिनभर उमस के बाद अचानक हुई इस बारिश से मौसम बदल गया। शनिवार सुबह से आसमान साफ है और तेज धूप निकली हालाकि शाम करीब 4 बजे फिर से जोरदार बारिश हुई। वहीं मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। इस वर्ष बेहतर बारिश दर्ज की गई है जिससे फसलों को फायदा पहुंचेगा। वहीं जिले के जलाशय भी पूरी तरह भरे हुए हैं।

जिले में रूक-रूककर हो रही है। जहां दिन में धूप निकल रही है वहीं अचनाक शाम को तेज गरज और चमक के साथ बारिश हो जाती है। शनिवार शाम को करीब 1 इंच बारिश दर्ज की गई।



#### मानसून की वापसी में अभी लगेगा समय

मौसम विभाग के अनुसार कुछ स्थानों पर भारी बारिश संभव है। इसके बाद 26 सितंबर तक बादल छाए रहेंगे और हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि मानसून की वापसी में अभी समय है। राजस्थान से मानसून लौटना शुरू हो गया है और मप्र के कुछ हिस्सों में भी वापसी की प्रक्रिया चल रही है।

#### बारिश का आंकड़ा पहुंचा 1329.44 मिमी

इस साल नर्मदापुरम जिले में अच्छी बारिश हुई है। अब तक 1329.944 मिमी पानी गिर चुका है। यह जिले के निर्धारित औसत का 97% है। कोटे को पूरा करने में केवल 2 इंच बारिश और बाकी है। जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 18 सितम्बर को प्रातः 8 बजे तक जिले में 1318.4मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1213.1मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 15 सितम्बर से 18 सितम्बर 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 1.6 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 9.0 मिलीमीटर, इटारसी 81.2 मिलीमीटर, माखननगर में 6.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 44.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 4.8 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 4.2 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 8.6 एवं तहसील डोलरिया 8.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। वहीं जिले के जलाशय भी लबालब भरे हुए हैं। वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 942.80 फीट है, तवा जलाशय का 1166.10 फीट है, बरगी जलाशय का 422.60 मीटर एवं बारना जलाशय 348.56 मीटर दर्ज किया गया है। तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

#### फसलों के लिए अमृत बरसा

दूसरी ओर किसानों की माने तो अभी जो पानी बरस रहा है वह धान की फसल के लिए अमृत के समान है। इससे फसल अच्छी पकेगी और दाने भी बढ़ेंगे। वहीं दूसरी ओर अभी खेतों में पर्याप्त पानी है साथ ही अन्य फसलों के लिए भी यह पानी फयदेमंद साबित होगा। किसानों का कहना है कि अभी फसल पकने के लिए एक माह का समय ओ लगेगा।

# साफ करने के बहाने चांदी के जेवर ले उड़ा अज्ञात चोर

### देहात थाने में दर्ज कराया ठगी का मामला



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में इस तरह से घरों में महिलाओं के साथ धोखाड़ी की घटनाएं बढ़ने लगी है। अज्ञात लोग घरों की महिलाओं को अपना निशाना बनाकर उनसे ठगी कर रहे हैं और रफूचक्कर हो जाते हैं।

रात्रि करीब 10 बजे देहात थाने में पति रामहोन यादव एवं उनकी पत्नि जिजीया बाई ने थाने प्राथमिकी की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति करीब दोपहर 12 बजे के आसपास उनसे चांदी के जेवर धोखाधड़ी करके ले गया। वहीं पुलिस ने पति-पत्नि की शिकायत पर मामाल दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

शिकायत में पत्नि जीजिया बाई ने बताया कि दोपहर में जब वह अपने कार्य में लगी हुई थी तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर दस्तक दी और कहा कि मेरे पास गहने-जेवर साफ करने का अनोखा पाउडर है जिससे वे एक दम नए जैसे चमक जाएंगे। में फ्री में इन्हें साफ कर देता हूं। इस बात पर जीजिया बाई ने अपने चांदी के जेवर उसे साफ करने दिये तभी बहाने से अज्ञात व्यक्ति ने जीजिया बाई को पानी लाने अंदर भेजा और बाद में एक पुड़िया देकर बोला यह जेवर साफ हो गए हैं इन्हें कुछ देर बाद खोल लेना और रफूचक्कर हो गए। जीजियाबाई ने जैसे ही पुड़िया खोली तो उसमें कुछ नहीं था। वह खाली थी यह बात उन्होने अपने पति को बताई तब पति और पत्नि थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर आरोपियों को पकड़ने की मांग की है।

# कैंपस ड्राइव में 127 विद्यार्थियों का हुआ प्राथमिकता चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा शासकीय महाविद्यालय बनखेड़ी में कैंपस ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इस रोजगार कैंप में कुल 153 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की, जिनमें से 127 छात्र-छात्राओं का प्राथमिकता चयन किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला रोजगार कार्यालय के प्लेसमेंट असिस्टेंट धर्मेश तिवारी का कुशल नेतृत्व महत्वपूर्ण रहा। कैंपस ड्राइव के दौरान प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार दिलावरे तथा स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. आशीष बिल्लौरे की विशेष उपस्थिति रही।

इस अवसर पर डॉ. सविता शिवहरे, डॉ. राजेंद्र पटेल, डॉ. अजय कौशिक, डॉ. सुहाना गुप्ता, डॉ. नंदलाल, डॉ. अनूप साहू, डॉ. जगत सिंह बामनिया, दीपक उइके, संदीप सोनी, सुनील मेहरा, देवेंद्र विश्वकर्मा, ब्रजेश राय एवं प्रीति सहित महाविद्यालय परिवार का सक्रिय सहयोग रहा। साथ ही, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा विद्यार्थियों को स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# हिंदी दिवस के अवसर पर होम साइंस कॉलेज में हुआ विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में 20 सितंबर 25 को भारतीय ज्ञान परंपरा की श्रृंखला में हिंदी दिवस के परिप्रेक्ष्य मे विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिंदी भाषा एवं साहित्य पर केंद्रित का प्रश्न मंच एवं हिंदी के महत्व पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित करते महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कामिनी जैन ने कहा की प्रतियोगिताएं आपके ज्ञान एवं सक्रियता का परीक्षण करती है। प्रतियोगिताओं का आत्मविश्वास के साथ सामना करना चाहिए, और अपने डर को साहस से दूर करना चाहिए। आपको हर मंजिल प्राप्त होगी ऐसी हमारी



शुभकामनाएं हैं।भारतीय ज्ञान परंपरा प्रभारी आर के चौकीकर ने विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर डॉ रामबाबू मेहर, डॉ श्रुति गोखले, डॉ कीर्ति दीक्षित, आभा बाधवा ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया एवं छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। स्लोगन में प्रथम रक्षा चिमनिया, द्वितीय प्रीति चौरे एवं तृतीय स्थान पर नेहा पंदनाम रही।

# सेवा पखवाड़ा अंतर्गत महाविद्यालय में जैविक खेती पर व्याख्यान और भाषण प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, नर्मदापुरम में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अंतर्गत विविध गतिविधियाँ और प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं।

प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हर्षा चचाने एवं पूजा गोस्वामी के सहयोग से यह आयोजन संचालित हो रहा है। इस श्रृंखला में जैविक खेती विषय पर विशेष व्याख्यान एवं



"स्वच्छता हमारी नैतिक जिम्मेदारी है" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जैविक खेती से न केवल मिट्टी की उर्वरता एवं उपजाऊ शक्ति बढ़ती है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक है। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियाँ बढ़ रही हैं।

# नपाध्यक्ष और सीएमओ ने दिए निर्देश, नवरात्रि पर नगर में चलाएं विशेष स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा आगामी दिनों में प्रारंभ हो रहे शारदीय नवरात्र को लेकर विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने किसी भी प्रकार की गंदगी पाए जाने पर कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए। नगरीय क्षेत्र में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने करें।

स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष और मुख्य नगरपालिका अधिकारी के निर्देशन में विशेष स्वच्छता अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के बाद से ही आज



फिर से सभी चैंबर्स की सफाई की गई और दमकल की मदद से सड़कों की धुलाई की जा रही है। साथ ही स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत नगर के सभी वार्डों, स्कूलों में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने नगर के नागरिकों से आग्रह किया है कि आगामी दिनों में शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो रहे हैं। इसलिए नगर को साफ स्वच्छ रखने में नगरपालिका का सहयोग करें। सड़क पर, नाली में या फिर अपने आसपास खाली जगह पर कचरा न फैंकें। कचरा वाहन आने पर कचरा उसी में डालें।

# कृषि सखियों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर में परियोजना संचालक आत्मा के तत्वावधान में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजना अंतर्गत आयोजित पाँच दिवसीय प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ।

यह प्रशिक्षण विशेष रूप से बनखेड़ी, पिपरिया एवं सोहागपुर की चयनित कलस्टर की कृषि सखियों के लिए आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य उन्हें प्राकृतिक खेती की तकनीकों से परिचित कराना और उनके माध्यम से ग्राम स्तर पर प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देना था।

# एकलव्य आदिवासी विद्यालय के सीनियर छात्रों ने जूनियर छात्र को पीटा, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले के केसला ब्लॉक स्थित आदर्श एकलव्य आवासीय विद्यालय भड़गदा के हॉस्टल में सीनियर छात्रों ने 9वीं कक्षा के छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना गुरुवार देर रात की है, जो अब सामने आई है। आरोप है कि 200 रुपए चोरी के शक में 11वीं और 12वीं कक्षा के चार छात्रों ने जूनियर छात्र को बेल्ट और पाइप से मारा। पीड़ित की पीठ पर चोट के निशान आ गए। केसला पुलिस ने शुक्रवार रात चार छात्रों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

पीड़ित छात्र ने बताया कि रात 12 बजे उसे छात्रावास के रजिस्टर



में हस्ताक्षर करने के लिए बुलाया गया। वहां एक सीनियर छात्र ने उस पर 200 रुपए चोरी करने का आरोप लगाया। इसके बाद बेल्ट और पाइप से पिटाई की गई। छात्र ने कहा कि ब मैंने रोना शुरू किया तो चौकीदार सुरेश धुर्वे पहुंचे और मुझे बचाया। फिर वार्डन अरविंद सर को सूचना दी। रात में ही उन्होंने मुझसे पूरी बात पूछी और शरीर पर चोट के निशान देखे। जूनियर से मारपीट करने वाले चारों सीनियर छात्र छात्रावास से लापता हैं। पीड़ित छात्र के परिजनों ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन ने उन्हें जानबूझकर भगा दिया। केसला थाना प्रभारी उमाशंकर यादव ने बताया कि 9वीं कक्षा के छात्र के साथ 4 सीनियर छात्रों ने मारपीट की है। उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

### दुर्गोत्सव के लिए जोर शोर से जुटा बंगाली समाज

# एक काठम पर पवित्र गंगामाटी से बंगाल के प्रसिद्ध कलाकार बना रहे मां की मूर्तियां, महाष्टमी से होगा पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष मां दुर्गा की पूजा के लिए बंगाली समाज उत्साहित है और जोर-जोर से तैयारी कर रहा है जहां तक प्रतिमा की बात है तो एक काठम पर पवित्र गंगामाटी से बंगाल के प्रसिद्ध कलाकार भोपाल में मूर्ति बना रहे हैं बंगाली संस्कृति में माना जाता है कि महालय अमावस्या के दिन प्रतिमा में मां की आंखें उकेरी जाती हैं, यह महत्वपूर्ण अवसर होता है जब मूर्तिकार मां की आंखें उकेरता है, उस समय पर वहां पर कोई दूसरा व्यक्ति नहीं देख सकता है।

#### कोलकाता से आएंगे पंडित जी

पूजन हेतु पंडितजी कोलकाता से यहां आकर पूजन करेंगे। महाष्टमी से विजयदशमी तक आयोजित होने वाली पूजा में पूजन के विशेष अवसर रहते हैं जिसमें प्रथम दिन बोधन व आमंत्रण अधिवास द्वितीय दिवस नव पत्रिका



प्रवेश एवं अस्त्र प्रदान, तृतीय दिन महा अष्टमी पूजा, संधि पूजा, महानवमी को कुमारी पूजा के बाद, हवन तथा विजयादशमी को सिंदूर खेला के साथ में मां दुर्गा का परिवार वापस अपने लोक की ओर गमन करते हैं।

#### सहपरिवार मायके आतीं हैं मां भगवती

माना जाता है कि मां दुर्गा यहां अपने परिवार अर्थात पुत्र कार्तिक और गणेश तथा पुत्रियां सरस्वती और लक्ष्मी के साथ पधारती हैं यह मानते हैं कि वह अभी मायके आई है और इस वजह से आनंद उत्सव होता है, मां को नवीन वस्त्र भेंट करते हैं और स्वयं भी पहनते हैं।

वर्ष के सबसे बड़े त्यौहार के इस समय सभी लोग खूब आनंद से बिटिया के रूप में मां दुर्गा का स्वागत और आराधना करते हैं पूजा करते हैं, आनंद उत्सव मनाते हैं नर्मदापुरम बंगाली एसोसिएशन से जुड़े हुए समाज के साथीगण अपनी संस्कृति के अनुसार 31वें वर्ष पूजन की तैयारी कर रहे हैं तैयारी बहुत जोरों से चल रही है इस वर्ष पूजा अग्निहोत्री गार्डन फेज 1 में आयोजित होनी है जहां प्रतिदिन भोग, भंडारा व धुनुची आरती भी होगी।

### जनसहयोग से ग्राम चंद्रपुरा में की सफाई

**नर्मदापुरम।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है जिसमें स्वच्छता ही सेवा अभियान के माध्यम से जनपद पंचायत नर्मदापुरम की 49 ग्राम पंचायतों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता के कार्य किये जा रहे हैं। जनपद पंचायत के सीईओ रंजीत ताराम ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के साथ साथ व्यक्ति की आदतों में परिवर्तन करना है जिससे कि स्वच्छता का स्थायित्व बना रहे। ताराम ने बताया कि पहले लोग खुले में शौच करने जाते थे जब से ग्राम पंचायतों को ओडीएफ किया है तब से कोई खुले में शौच करने नहीं जाता है यह हुआ है व्यक्ति की आदतों में परिवर्तन होने से इसी कारण इसका स्थायित्व भी बना हुआ है।

# 'श्रीराम देखें सिया, मां सिया राम को, सारी सखियां खड़ी की खड़ी रह गईं'... पुष्पवाटिका का मंचन

### नगर के सेठानी घाट पर जारी है श्रीरामलीला महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्रीरामलीला महोत्सव के अंतर्गत सेठानी घाट पर बने विशाल मंच से चतुर्थ दिवस पुष्पवाटिका की लीला का आकर्षक मंचन किया गया ,जिसमें मुनि विश्वामित्र के साथ श्रीराम लक्ष्मण जनकपुर पहुंचते हैं मुनि विश्वामित्र का जनकपुर आगमन विशेष कार्य हेतु हुआ है, राजा जनक की प्रतिज्ञा के अनुसार उनकी पुत्री जानकी का विवाह उसी राजा से होगा जो भगवान शंकर के धनुष पिनाक को भंग करेगा, जनकपुर में प्रातः काल उठकर श्रीराम जी और लक्ष्मणजी ने गुरु विश्वामित्र से आज्ञा लेकर जनकनगर दर्शन के लिए जाते है बाजार में प्रभु को जनकपुर के बालक जनकनगर घुमाते हैं। जब श्री राम लक्ष्मण के साथ पुष्पवाटिका में फूल चुन रहे होते हैं उसी समय



जनकसुता जानकीजी वहां सखियों सहित गिरिजा पूजन के लिए आती हैं तब प्रभु श्रीराम जी ने लताओं की ओट से जानकीजी के दर्शन करते हैं जानकीजी गिरिजा पूजन विधि विधान से करती हैं और वे भी प्रभु श्रीराम के दर्शन करके लौट जाती हैं।

शनिवार की लीला में प्रतीक दुबे ने श्रीराम, अक्षय मिश्रा ने लक्ष्मण , यश शुक्ला ने जानकी , पं अजय परसाई ने विश्वामित्र ,पुनीत पाठक ने शतानंद , अरुण तिवारी ने बजाज , गोपाल शुक्ला ने इत्रवाला , दीपेश व्यास ने चने वाला , आदित्य नारायण परसाई ने पान वाला, योगेंद्र दिवोलिया ने सराफ, मनोज परसाई ने मिठाई वाला, जनक दूत दीपक साहू की भूमिका तथा पात्र श्रृंगार हेमंत मालवीय , माधव दुबे, अभिषेक पटवा, मधुरम चन्देल का का रहा ।

## खबर संक्षेप



### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार शिविर संपन्न

**शाहपुर।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में किया गया। शिविर में लगभग 450 नागरिकों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और सभी ने शिविर का लाभ लिया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में अलग-अलग रूम में डॉक्टर और उनके सहयोगी जन उपस्थित रहे। बच्चे, महिला, पुरुष, वयोवृद्ध नागरिक सभी ने शिविर का स्वास्थ लाभ उठाया। शिविर में आने वाले लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई। शिविर में ब्लड की जांच, शुगर की जांच, सिकल सेल की जांच, ब्लड प्रेशर की जांच, नेत्र जांच की गई। बैतूल जिले से आए डॉक्टर राजेश परिहार ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से लोगों के स्वास्थ की जांच कर दवाईयां वितरित की गई।

### स्व. देवीप्रसाद व्यास की श्रद्धांजली कल मनेगी

**बैतूल।** वर्तमान में चंद्रशेखर वार्ड सदर निवासी शिक्षा विभाग में प्राचार्य के पद से सेवानिवृत्त पं. देवीप्रसादजी व्यास का गत 10 सितंबर 25 को देवलोकगमन हो गया था। जिनकी त्रयोदशाकर्म, गंगापूजन, पगड़ी एवं श्रद्धांजली कार्यक्रम कल 22 सितंबर सोमवार को प्रातः 11.30 बजे से देवाशीष गार्डन, भीलाखेड़ी डोलरिया रोड मेहरागांव इटारसी में रखा गया है। स्व. देवीप्रसाद व्यास के भाइयों, सुपुत्रो सहित अन्य परिजनों ने सभी ईष्टजनों एवं परिवारजनों से श्रद्धांजली सभा में आकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करने आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि पं. देवीप्रसाद जी का जन्म नर्मदापुरम के प्रतिष्ठित व्यास परिवार के गुलाबबाई- नारायण के यहां 15 नवंबर 1938 को ग्राम भीलाखोड़ी में हुआ था। ग्राम के सभी छोटे-बड़े लोग सम्मानपूर्वक उन्हें दादा नाम से सम्बोधित करते है। दादा अपने परिवार में सबसे बड़े पुत्र थे, उनके तीन भाई रामकिशोर, संतोष, नरेन्द्र तथा चार सुपुत्र जिनमे राजेश, संजय, मुकेश व पंकज तथा दो पुत्रीयां माया एवं छाया सहित चार पुत्रवधु नाती-पोतो वाले भरापूरा परिवार के वे प्रमुख थे। सहज, सरल स्वभाव के धनी दादा एक आदर्श शिक्षक, पिता एवं भाई रहे, जिनका सभी बडा सम्मान करते थे और पूरे गांव, समाज और परिवार में उनका एक विशेष स्थान रहा।

### आगामी पर्व के लिए हुई शांति समिति की बैठक

**शाहपुर।** नवरात्र एवं मां दुर्गा की स्थापना एवं 10 दिवस नवरात्र पावन पर्व एवं दशहरा उत्सव के चलते शांति समिति की बैठक का आयोजन जनपद सभा कक्ष शाहपुर में किया गया। जिसमें अधिकारी, कर्मचारी, नागरिक एवं पत्रकार गण शामिल हुए। थाना प्रभारी शाहपुर के द्वारा नवरात्र के त्योहार के चलते बिजली विभाग, नगर परिषद शाहपुर एवं शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने एवं शासन के गाइडलाइन का पालन करने के लिए कहा गया। ध्वनि विस्तारक यंत्रों की सीमा डीजे भी समय के अनुसार बजाया जाए। वैध बिजली कनेक्शन आदि के संबंध में सभी को बताया गया। सभी से थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर शाहपुर के द्वारा अनुरोध किया गया है कि शासन के गाइडलाइन के तहत नियमों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से हर्षोल्लास के साथ नवरात्र दुर्गा उत्सव मनाया जाए। शांति समिति की बैठक में मुख्य रूप से अनुविभागीय अधिकारी शाहपुर, एसडीओपी पुलिस विभाग शाहपुर उपस्थित रहे।

### नपा की स्वच्छता टीम के स्कूलों में चले अभियान

**बैतूल।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बैतूल की स्वच्छता टीम द्वारा शनिवार को नगर के विभिन्न स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सतीश मत्सानिया ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे से संबंधित सभी चीज़ों से दूर रहने और उसके दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को अपने घर, स्कूल, कार्यस्थल एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई बनाए रखें।

## बैतूल में शहरवासियों पर जलकर का करीब 3.63 करोड़ रुपए बकाया

# बकायदारों की सूची तैयार कर रही नगर पालिका, की जाएगी चस्पा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नगरपालिका वित्तीय संकट से जुझ रही है। हालात यह है कि वित्तीय संकट के कारण नपा के कर्मचारियों का वेतन भुगतान भी समय पर नहीं हो पा रहा है। जिसके पीछे सबसे बड़ा कारण शहरवासियों पर बकाया 3 करोड़ 63 लाख 83 हजार 621 रुपए का जलकर है, जिसकी वसूली अब तक नहीं हो सकी। यहीं वजह है कि कर्मचारियों को समय पर वेतन देने के लिए भी नगर पालिका को राजस्व के नए स्त्रोत तलाशने पड़ रहे हैं।

बता दे कि नगरपालिका की शहर में पेयजल सप्लाई व्यवस्था है और नपा के रिकार्डो में 13500 लोगों ने नल कनेक्शन ले रखे है। जिनसे नगरपालिका जलकर के रूप में 120 रूपये आवासीय और 600 रूपये प्रतिमाह व्यवसायिक नल कनेक्शनों से टैक्स लेती है। लेकिन लोग जलकर का टैक्स समय पर जमा नहीं कर रहे है। नगरपालिका का राजस्व अमला भी करों की वसूली के लिए सख्त नहीं है। जलकर का भुगतान न करने वालों के नल कनेक्शन काटे जा रहे है और न ही सख्त कार्रवाही की जा रही है। जिससे लोग भी जलकर भुगतान को लेकर लापरवाह बने हुए है। यहीं वजह है कि नगरपालिका आर्थिक संकट से जूझ रही है।



### लोक अदालत में करीब 70 लाख रुपए वसूली

सितंबर में आयोजित लोक अदालत से नपा को करीब 70 लाख रुपए की राहत जरूर मिली। जिसमें से नपा ने लगभग 6 लाख 90 हजार रूपये जलकर का ही वसूल किया, लेकिन अब अक्टूबर में वेतन भुगतान को लेकर नगरपालिका की चिंता बढ़ गई है। अक्टूबर में दशहरा और दीपावली जैसे दो बड़े त्यौहार है। ऐसे में वसूली कम होती है तो फिर वेतन पर संकट खड़ा होने के आसार हैं। यही वजह है कि अब नगर पालिका ने बकाया वसूली के लिए सख्ती से अभियान चलाने का निर्णय लिया है। नगर पालिका ने शहर को चार जोनों में बांटा है और प्रत्येक जोन में छह-छह कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

### खर्च और आय में भारी अंतर

*नगर पालिका हर साल पेयजल सप्लाई और मेंटेनेंस पर 2 से 3 करोड़ रुपए तक खर्च कर रही है, लेकिन जलकर की वसूली ठीक से न होने के कारण उस पर वित्तीय बोझ बढ़ता जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय पर वसूली की जाती तो नगर पालिका की यह स्थिति नहीं बनती। इधर शहरवासी नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब उनसे प्रतिमाह 120 रुपए जलशुल्क वसूला जा रहा है तो फिर पानी की सप्लाई भी नियमित दी जानी चाहिए। सामान्य दिनों में एक दिन छोडकर पानी मिलता है। गर्मियों में यह अंतराल बढ़ाकर दो दिन कर दिया जाता है। लोगों का कहना है कि जब शुल्क पूरी तरह वसूला जा रहा है तो फिर आधी सप्लाई देना उपभोक्ताओं के साथ अन्याय है।*

### राजस्व वसूली पर नपा का पूरा ध्यान

*नगरपालिका द्वारा अब बकायादारों से राशि वसूली की तैयारी की जा रही है। सूची तैयार की जा रही है और नोटिस जारी किये जा रहे है। राजस्व अमले का दावा है कि इस बार वसूली अभियान में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। बता दे कि अमृत 1.0 के तहत करीब 10 हजार नल कनेक्शन जारी किए गए थे। इनमें से लगभग 4500 उपभोक्ताओं पर प्रति कनेक्शन 5800 रुपए के हिसाब से करीब 2.61 करोड़ रुपए बकाया है। कुछने कनेक्शन कटने के डर से शुल्क तो जमा कराया, लेकिन बड़ी संया में उपभोक्ता अब भी राशि नहीं दे पाए हैं। वहीं नगर पालिका ने अमृत 2.0 योजना के तहत भी 2 हजार से अधिक नल कनेक्शन कर दिए हैं। हालांकि कनेक्शन चालू नहीं होने के कारण इन्हें फिलहाल राजस्व वसूली से अलग रखा गया है,।*

### इनका कहना है

*जिन लोगों पर जलकर की राशि बकाया है, उनकी सूची तैयार की जा रही है। इस सूची का फ्लैक्स बनाकर चस्पा किया जायेगा। जिनके अवैध नल कनेक्शन है और वह वैध नहीं कराते है तो उनके नाम भी चस्पा कर पैनाल्टी लगाने की कार्रवाही की जायेगी।*

*- सतीष मटसेनिया, सीएमओ, नगरपालिका बैतूल*

## आज अमला करेगा कार्रवाई

# बैतूल में कलेक्टर ने अवैध होर्डिंग हटाने के आदेश दिए




**बैतूल।** कलेक्टर ने शहर से अवैध होर्डिंग हटाने के आदेश दिए हैं। रविवार सुबह 8 बजे से यह कार्रवाई शुरू होगी। इसके लिए नगरपालिका, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम तैनात की गई है। नगरपालिका की टीम जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से होर्डिंग हटाएगी। प्रशासन ने अवैध होर्डिंग लगाने वालों को शनिवार रात तक स्वयं हटाने का समय दिया है। शहर में लगभग 70 से 80 अवैध होर्डिंग चिह्नित किए गए हैं। राजस्व निरीक्षक ब्रजगोपाल परते के अनुसार शहर में होर्डिंग लगाने का अधिकार प्रिंटिंग टास्क कंपनी को दिया गया है। कंपनी ने तीन साल के लिए 86 लाख रुपए अग्रिम जमा कर 91 होर्डिंग लगाए हैं। अब छोटे बोर्ड और साइन बोर्ड भी हटाए जाएंगे। शासकीय भूमि पर फिलहाल कोई अवैध होर्डिंग नहीं है। फिर भी प्रशासन सर्वे कर चिह्नांकन करेगा। निजी भूमि पर होर्डिंग लगाने के लिए भी अनुमति आवश्यक है। बिना अनुमति के लगे होर्डिंग भी हटाए जाएंगे।

### मस्जिद में चोरी की घटना, पुलिस को दी गई सूचना

**सारनी।** शहर के पाथाखेड़ा स्थित जामा मस्जिद में चोरी की वारदात सामने आई है। जानकारी के अनुसार 19 सितम्बर की रात लगभग 2.30 बजे अज्ञात चोरों ने मस्जिद की दान पेटी पर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना मस्जिद समिति द्वारा चौकी प्रभारी पाथाखेड़ा को लिखित आवेदन के माध्यम से दी गई है। आवेदन में बताया गया है कि देर रात चोर मस्जिद परिसर में घुसे और चोरी कर फरार हो गए। इस घटना से क्षेत्र में लोगों में आक्रोश का माहौल है। समिति के सदस्य ने पुलिस प्रशासन से त्वरित कार्रवाई करने और आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। वहीं पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में पाथाखेड़ा चौकी प्रभारी वंशज श्रीवास्तव ने बताया कि जांच शुरू कर दी है। जल्दी ही चोरों का खुलासा किया जाएगा।

# केंद्रीय विद्यालय में बाल कवियों ने बांध समा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी




केंद्रीय विद्यालय सारनी में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत बाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के पहली से पांचवीं तक के कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी-अपनी कविताएँ प्रस्तुत कीं।

बच्चों की कविताओं में देशभक्ति, सामाजिक सरोकार, सांस्कृतिक मूल्यों जैसे विविध विषयों की झलक देखने को मिली। मंच संचालन का दायित्व आशुतोष तिवारी एवं दिव्या शर्मा ने संभाला। निर्णायक मंडल में शामिल अंजू कुमारी एवं श्वेतांक मिश्र ने प्रस्तुत कविताओं का मूल्यांकन कर श्रेष्ठ प्रतिभागियों को चुना और विजेताओं को प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार प्राप्त कर बच्चों का उत्साह और भी बढ़ गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन सृजनात्मक अधिगम गतिविधि विभाग की प्रभारी अंजली चौहान के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का अंत में प्रधानाचार्य ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को मातृभाषा को सम्मान देने और साहित्यिक प्रतिभा को निखारने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्राथमिक विभाग के वरिष्ठ शिक्षक अतर सिंह मीना और अन्य शिक्षकों के साथ साथ सभी विद्यार्थियों की सक्रिय उपस्थिति रही। इस प्रकार बाल कवि सम्मेलन ने हिंदी भाषा की समृद्ध परंपरा को उजागर करते हुए विद्यार्थियों में साहित्य के प्रति गहरी रुचि उत्पन्न की।

### पिछले 24 घंटे के दौरान 12.6 मि.मी.औसत वर्षा

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 939.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 961.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 20 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 12.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 20 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील बैतूल में 34.2, घोड़ाडोंगरी में 0.0, चिचोली में 2.3, शाहपुर में 0.0, मुलताई में 0.0, प्रभात पट्टन में 15.2, आमला में 30.0, भैंसदेही में 35.0, आठनेर में 9.2 तथा भीमपुर में 0.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# सेवा पखवाड़ाः एनसीसी कैडेट्स ने शहीद स्मारक पर चलाया स्वच्छता अभियान

**बैतूल।** स्वच्छता सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न शासकीय अशासकीय एवं सामाजिक संगठनों द्वारा विगत दिनों से स्वच्छता संबंधी कई आयोजन कराये जा रहे है। इसी कड़ी में उत्कृष्ट विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने देश के लिए शहीद हुए वीर जवानों की याद में बने शहीद स्मारक की साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।



विगत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाये जा रहे। इस स्वच्छता अभियान के अंतर्गत डीजी एनसीसी व 13 मप्र बटालियन नर्मदापुरम के कमान अधिकारी कर्नल सत्य प्रकाश सिंह के निर्देशानुसार व प्राचार्य सत्येंद्र उदयपुरे के मार्गदर्शन में कैडेट्स द्वारा इस सेवा अभियान में सहभागिता दी गयी। संस्था के एनसीसी ऑफिसर ओम द्विवेदी ने बताया कि स्वच्छता सेवा पखवाडे में केडेट्स द्वारा देश के अमर शहीदों की स्मृति में बने शहीद स्मारक व उसके परिसर की साफ सफाई करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

स्वच्छता सेवा कार्य की शुरुआत राष्ट्रीय गान से की गई। जिसके बाद एनसीसी कैडेट्स ने छोटी छोटी टुकडियों में योजनाबद्ध तरीके से स्मारक की सफाई कर उस पर तिरंगा झंडा लगाया। इसके साथ ही परिसर में बिखरी प्लास्टिक, क्षतिग्रस्त तोरण, कचरा व उपयोग की गई पानी की बोतले को एकत्रित कर परिसर में लगे डस्टबिन में उचित निस्तारण हेतु रखा।

# मोदी जी का जीवन एक प्रेरणा दायक गाथा हैः दुर्गादास उइके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वें जन्मदिन पर सेवा पखवाडा के अंतर्गत आयोजित प्रबुद्ध जन संवाद को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि नरेन्द्र मोदी का पूरा जीवन एक प्रेरणादायक गाथा है। उन्होने न सिर्फ भारत की राजनीति को नई दिशा दी है बल्कि 140 करोड भारतीयों के जीवन में आशा की नई किरण जगाई है। श्री उइके ने कहा कि नरेन्द्र मोदी का जीवन यात्रा हमें प्रेरणा देती है कि कडी मेहनत और राष्ट्र कें प्रति समर्पण से कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। नरेन्द्र मोदी जी ने विकासित भारत का जो विजन दिया है वह नारा ही नही बल्कि भारत को नई दिशा देने का संकल्प है।




केन्द्रीय मंत्री ने प्रबुद्ध जनो से किया संवाद

नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए स्वदेशी और स्वच्छ भारत अभियान के कारण भारत को पूरी दुनिया में नई पहचान मिली है। मेक इन इंडिया जैसे कार्यक्रम से रक्षा के क्षेत्र में आत्म निर्भर बना है जिसकी बानगी हमें ऑपरेशन सिंदूर में देखने को मिली जब भारत में बनी मिशाईलों ने पाकिस्तान में घूसकर उनके आतंकी ठिकानो को ध्वस्त कर दिया। श्री उइके ने यह भी कहा कि 2047 तक भारत को यदि विकसित होना है तो भारत को आत्म निर्भर बनना ही पडेगा। जिसके लिए मोदी जी इस उम्र मे भी दिन रात मेहनत कर रहे है। आत्म निर्भर भारत का संकल्प न सिर्फ मोदी जी का बल्कि 140 करोड भारतीयों का संकल्प होना चाहिए। मोदी जी ने विश्व को कई बार यह ऐहसास कराया है कि भारत सिर्फ अपने लिए नही जीता। प्रबुद्व जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम उस महान व्यक्तित्व को समर्पित है जिनके जीवन का उददेश्य विकसित भारत का निर्माण और गरीबो का कल्याण है। उन्होने कहा कि नरेन्द्र मोदी जी ने बचपन से अनेक कठिनाईयों का सामना किया लेकिन कभी हार नही मानी। संघर्षो को अवसर में कैसे बदला जाता है यह हमें नरेन्द्र मोदी जी से सिखना चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ,विधायक गंगा उइके, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवप्रसाद राठौर, जितेन्द्र वर्मा, वरिष्ठ नेता रमेश मिश्रा, प्रोफेसर शिवकुमार शुक्ला, नपाध्यक्ष पार्वती बारस्कर, नरेन्द्र शर्मा मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री एवं सेवा पखवाडा अभियान के जिला संयोजक कमलेश सिंह एवं अंत में आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष रश्मि साहू ने किया। जन संवाद कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। जन संवाद के पूर्व कार्यक्रम मे उपस्थित प्रबुद्व जनो को नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित डाक्युमेंन्ट्री फिल्म दिखाई गई। प्रबुद्व जन संवाद में जिले भर से आए प्रबुद्व नागरिको ने मोदी जी के जीवन पर आधारित लगी प्रदर्शनी का भी अवलोक किया गया।

## रावण दहन से लेकर राजतिलक तक प्रसंग

# बैतूल गंज में रामलीला का 68वां वर्ष, आज से 3 अक्टूबर तक मंचन

**बैतूल।** श्रीकृष्ण पंजाब सेवा समिति बैतूल अपने 68 वर्षों के अनुपम इतिहास के साथ इस वर्ष भी पारम्परिक रामलीला दशहरा महोत्सव का भव्य आयोजन करने जा रही है। आयोजन आज 21 सितंबर रविवार से प्रारंभ होकर 3 अक्टूबर शुक्रवार तक चलेगा। इस वर्ष तेरह दिवसीय रामलीला का मंचन आदर्श श्री इन्द्रलोक रामलीला मंडल, खजुरी (सीधी) के पारंगत दल द्वारा किया जाएगा। आयोजन प्रतिदिन रात्रि 9 बजे से रामलीला मैदान बैतूल गंज में होगा। समिति ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इन नयनाभिराम प्रसंगों का आनंद लें और धार्मिक उत्सव का हिस्सा बनें।

21 सितंबर को ध्वज पूजन, नारदमोह, विश्वमोहिनी स्वयंवर और रावण जन्म से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। 22 सितंबर को श्रीराम जन्म, सीता जन्म और मुनि आगमन का मंचन होगा। 23 सितंबर को यज्ञ रक्षा, ताडका वध और अहिल्या उद्धार के प्रसंग होंगे। 24 सितंबर को धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर और लक्ष्मण-परशुराम संवाद का मंचन होगा। 25 सितंबर गुरुवार को श्रीराम विवाह जुलूस और राम कलेवा होगा। 26 सितंबर को दशरथ प्रतिज्ञा, कैकई संवाद और राम वनवास का मंचन होगा। 27 सितंबर को केवट संवाद, दशरथ निधन, भरत मिलाप और सीता हरण के प्रसंग होंगे। 28 सितंबर को हनुमान परिचय, सुग्रीव मित्रता, बाली वध और लंका दहन होगा। 29 सितंबर को रामेश्वर स्थापना और अंगद-रावण संवाद का मंचन होगा। 30 सितंबर को लक्ष्मण मूर्छा, मेघनाथ और कुंभकरण वध होगा। 1 अक्टूबर को राम-रावण युद्ध होगा। 2 अक्टूबर गुरुवार को विजयदशमी पर रावण और कुंभकरण के विशाल पुतलों का दहन स्टेडियम ग्राउंड पर शाम 5 बजे से होगा। इसके बाद रंगीन आतिशबाजी का प्रदर्शन होगा।

# पाढर व जूवाडी की टीम जीतीं, चयनित जिला स्तरीय मुकाबले में होंगे शामिल

## शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न

**सारनी।** जनजाति कार्य विभाग द्वारा आयोजित शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारनी में 17 वर्ष आयु वर्ग की बालक-बालिका ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।



ब्लॉक क्रीड़ा प्रभारी रामा पवार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में बालक वर्ग की 10 तथा बालिका वर्ग की 6 टीमों ने हिस्सा लिया। खिलाडय़ों ने दमदार खेल कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य अंजनी भालेकर के आतिथ्य में, आए हुए खेल प्रभारियों और शाला परिवार की उपस्थिति में किया गया। प्रतियोगिता में पाढर, जूवाडी, घोड़ाडोंगरी, सारनी सिवान पाट, रानीपुर सहित विभिन्न शालाओं की टीमों ने प्रतिभाग किया। रोमांचक मुकाबलों में बालक वर्ग में पाढर की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए विजेता का ताज अपने नाम किया, जबकि जूवाडी की टीम उपविजेता रही। वहीं बालिका वर्ग में जूवाडी की बेटियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया और सारनी की टीम उपविजेता बनी। ब्लॉक स्तर पर चयनित खिलाड़ी अब आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता शाहपुर में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में खेल शिक्षक भीम यादव, सुरेन्द्र नाथ टैगोर, सरिता कापसे, ललिता चंदेल, चंदेलकर सर, गोपाल कठौतिया तथा वरिष्ठ खिलाड़ी सुनील चौधरी का विशेष योगदान रहा। समापन अवसर पर प्राचार्य अंजनी भालेकर ने विजेता एवं उपविजेता टीमों सहित सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्साह और खेल भावना की सराहना की।

## सेवा ही पखवाड़ा कार्यक्रम में नेक्स्ट जेन युवाओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

# आप डॉक्टर नहीं तो, रक्तदान कर बचाए जानः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा ही पखवाड़ा कार्यक्रम पूरे भारतवर्ष में प्रत्येक मंडल पर मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में सारनी मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत व बगडोना मंडल अध्यक्ष दीपक पटेल के आव्हान पर 20 सितंबर को एमपीपीजीसीएल सारनी चिकित्सालय में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 112 रक्तवीरो ने रक्तदान कर मानवता का अपना फर्ज निभाया।

रक्तदान शिविर में पहुंचे क्षेत्रिय विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित रक्तदान शिविर में अभूतपूर्व उत्साह से भारत कि नेक्स्ट जेन युवाओं द्वारा रक्तदान करने आगे आने की सराहना करते हुए कुल 112 राज्तवीरो की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि, अगर आप चिकित्सक नहीं है तो रक्तदान कर किसी का जीवन बचाने जैसा पुनीत कार्य अवश्य करे, क्योंकि रक्तदान सबसे पुनीत व महादान है। जिससे आप जाने अनजाने किसी पीड़ित का जीवन बचा एक परिवार को नवजीवन देने का इश्वरतुल्य कार्य करते है, जो अवर्णनीय है। उन्होंने भाजपा के दोनों मंडलों एवं कार्यकर्ताओं तथा समस्त रक्तवीरो का अभिनंदन किया जिनके सहयोग व रक्तदान से निर्धारित लक्ष्य से अधिक संख्या में रक्तदान संभव हो पाया। सारनी बगडोना मंडल द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 112 रक्तवीरो ने रक्तदान किया जो अनुमानतः जिले में भाजपा के मंडलों द्वारा आयोजित रक्तदान शिविरो में अधिकतम संख्या व्यक्त कि जा रही है, जिसमें सारनी मंडल से तकरीबन 75 से 80 व बगड़ोना मंडल से 30 से 35 रक्तवीरो ने बढ़चढकर रक्तदान जैसे महादान में हिसा लिया।



इस रक्तदान शिविर में स्थानीय अधिकारी, कर्मचारी सामाजिक व खेल गतिविधियों से जुड़े रक्तवीरो ने भी अपना कर्तव्य निभाया। कार्यक्रम को बगड़ोना मंडल प्रभारी विशाल सिंह ठाकुर, नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने भी संबोधित करते हुए सारनी बगड़ोना मंडल को सफल रक्तदान शिविर आयोजन पर साधुवाद प्रदान किया। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी,कार्यकर्ता, चिकित्सालय परिवार,सामाजिक संगठन के पदाधिकारी,कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में हुआ हिंदी दिवस कार्यक्रम का समापन, वक्ताओं ने किया मार्गदर्शन

# विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सप्ताह भर विद्यार्थियों ने जाना मातृभाषा का महत्व

शनिवार को हिंदी दिवस पर आधारित साप्ताहिक कार्यक्रम का समापन पुस्तक प्रदर्शनी के साथ किया गया। इस दौरान भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। 14 सितम्बर से 20 सितंबर तक आयोजित कार्यक्रम में प्रथम दिवस पर हिंदी काव्य रचनाओं का पाठ किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में शनिवार को हिंदी दिवस पर आधारित साप्ताहिक कार्यक्रम का समापन पुस्तक प्रदर्शनी के साथ किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नीता चौबे व भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। 14 सितम्बर से 20 सितंबर तक आयोजित कार्यक्रम में प्रथम दिवस पर हिंदी काव्य रचनाओं का पाठ किया गया, मुख्य अतिथि के रूप में माखन नगर से श्रीमती कीर्ति वर्मा उपस्थित रहीं। ततपश्चात हिंदी के महत्व पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साप्ताहिक गतिविधि में हिंदी साहित्य पर आधारित निबन्ध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। हिंदी भाषा और भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित प्रश्नमंच में विद्यार्थियों में उत्साह दिखाई दिया। सप्ताहांत में हिंदी कवियों और लेखकों की प्रेरणादायक पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन विद्यार्थियों के लिए किया गया। प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. दिग्विजयसिंह खत्री ने बताया कि प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र वार्षिकोत्सव में वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंकज बैरवा, श्रीमती सुषमा यादव, डॉ सुमन अवस्थी, डॉ अनिता साहू, डॉ आकांक्षा यादव, स्वस्तिक रावत की भूमिका सराहनीय रही।

### स्वच्छता अभियान रैली एवं पौधरोपण का किया गया आयोजन



पिपरिया। शहीद भगत सिंह कॉलेज में बालिका इकाद्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजनाके द्वारा हथवासमे प्राथमिक शाला में स्वच्छता अभियान चलाया गया जागरूकता रैली निकाली गई एवं वृक्षारोपण भी किया गया कॉलेजके प्राचार्य डॉक्टर एस के मेहरा ने प्रेरणादायक भाषण दिया सामाजिक प्रभावी प्रकाश डाला तथा प्रोफेसर एस के वह बघेल डॉक्टर ए के रकेशीय द्वारा छात्रों को स्वच्छता और सामाजिक उत्तरदायित्व को लेकर समझाया गया डॉक्टरमीनू सिंह ने विद्यार्थियों कोप्रैरितकिया तथा वृक्षारोपण किया गया स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के द्वारा वृक्षारोपण किया गया जिसमें सभी सदस्य सभी प्रोफेसर उपस्थित रहे।

## 12 बजे प्रिंस पैराडाइज में फ्री एंट्री और फूड पास पहले आओ, पहले पाओ, ग्रैंड लॉन्चिंग आज

### हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबाः विश्वास की परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा में शामिल होने के लिए आज दोपहर 12 बजे प्रिंस पैराडाइज गार्डन एंड रिसॉर्ट पहुंचे। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर 100 एंट्री पास एवं 100 फूड पास फ्री दिए जाएंगे। हरिभूमि ने इस वर्ष का फैमिली गरबा आयोजन पूर्णतः प्रीमियम रखा है। किसी को भी निःशुल्क एवं बिना एंट्री पास के गरबा स्थल पर प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

इटारसी शहर में साल के सबसे बड़े आयोजन, हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा में शामिल होना है एंट्री पास जरूर प्राप्त करें। अन्यथा आपको गरबा स्थल पर प्रवेश करने से रोका जा सकता है।

बाउंसर की टीम, हरिभूमि के वॉलंटियर एवं पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से एंट्री पास धारकों को ही गरबा में प्रवेश करने देगा। आज रविवार को एंट्री पास की ग्रैंड लॉन्चिंग के बाद सोमवार से एंट्री पास हरिभूमि कार्यालय, नगरपालिका कॉम्प्लेक्स लक्कड़गंज इटारसी से शुल्क देकर प्राप्त किए जा सकेंगे।

### एसडीएम ने किया साडा क्षेत्र का भ्रमण

पचमढ़ी। साडा सीईओ अनीशा श्रीवास्तव द्वारा साडा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया, प्राधिकरण द्वारा निर्मित चम्पक झील में बनी चार नवीन दुकानों को पर्यटक हेतु प्रारम्भ कराया। इसके साथ - साथ चम्पक परिसर की साफ - सफाई तथा पर्यटकों को मनोरजंन की ओर सुविधायें दी जा सके, इस हेतु साडा स्टाफ को निर्देष दिये गये। इसके उपरांत साडा क्षेत्र स्थित पंचारण के सामने म0प्र0 पर्यटन द्वारा निर्मित शौचालय जिसे महिला पर्यटकों को ध्यान में रखते हुऐ साडा एवं एम0पी0टी द्वारा उक्त शौचालय को आधुनिक एवं सर्व सुविधायुक्त बनाया गया है, जिसका उद्घाटन अनीशा श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर जारी 'पोषण माह' में जागरुकता गतिविधियां आयोजित



सोहागपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण माह अभियान अंतर्गत नियमित रूप से जागरूकता गतिविधियों का आयोजन आंगनवाड़ी केंद्रों पर किया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस को आंगनवाड़ी केंद्र रामगंज में पोषण माह के अंतर्गत किशोरी बालिका का बीएमआई लिया गया। थीम अनुसार कम नमक, कम शकर व कम तेल सहित मोटापा नियंत्रण संदेश आधारित चित्रकला स्पर्धा का आयोजन किशोरी बालिकाओं के लिये किया गया। इस दौरान सोहागपुर नपाध्यक्ष लता पटेल, राजो मालवीय, राजेश यादव व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही। प्रतिभागियों में से प्रथम, दितीय व तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार दिये गए।

## कांग्रेस की किसान न्याय यात्रा को प्रदेशाध्यक्ष ने दिया बल



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, मानक अग्रवाल, संजय शर्मा किसान न्याय यात्रा में शामिल होने पर पुरानी इटारसी पहुंचे। शहर भर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोश देखने लायक था। आजाद चौक पर आचार्य मंगल भवन के पास जिला कांग्रेस कमेटी और नगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेसी अजय शुक्ला, नरेश चौहान, मोहन चौहान, वार्ड नंबर 1 के पार्षद दिलीप गोस्वामी, राकेश यादव, लक्ष्मी जवारकर, सुनीता यादव, आर आर गौर, दिलीप मेहरा, गौरव पांडे समेत मानक अग्रवाल और अनगिनत समर्पित साथियों ने फूलों की वर्षा कर प्रदेश अध्यक्ष का दिल खोलकर स्वागत किया।

## मुस्कान संस्था ने एसडीएम प्रतीक राव और पिपरिया एसडीएम अनिशा श्रीवास्तव को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मुस्कान संस्था, इटारसी ने शनिवार को ईश्वर रेस्टोरेंट में एक सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम एसडीएम (भा.प्र.से.) टी. प्रतीक राव और उनकी धर्मपत्नी पिपरिया एसडीएम अनिशा श्रीवास्तव के स्थानांतरण पर आयोजित किया था।

**बच्चों ने किया भावुक**

समारोह में संस्था के बच्चों ने अपने हाथों से बने ग्रीटिंग कार्ड अधिकारियों को भेंट किए। बच्चों की इस मासूम भावना को देखकर दोनों अधिकारी भावुक हो गए। इन कार्डों को स्वीकार कर उनके चेहरे पर मुस्कान आ गई, जिससे पूरा माहौल भावनात्मक हो गया। इस अवसर पर एसडीएम अनिशा श्रीवास्तव ने बच्चों से कहा, 'आप सब मुस्कुराते रहिए, हमारी शुभकामनाएं हमेशा आपके साथ हैं।' वहीं, एसडीएम प्रतीक राव ने कहा कि मुस्कान संस्था के बच्चों के साथ बिताए पल उनके जीवन के अमूल्य अनुभव हैं। उन्होंने वादा किया कि जब भी इटारसी आएंगे, बच्चों से जरूर मिलेंगे।

संस्था के संचालक मनीष सिंह ठाकुर ने दोनों अधिकारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'आप दोनों का सहयोग हमें हमेशा मिलता रहा। जब भी जरूरत पड़ी, आप हमारी संस्था के साथ खड़े रहे। आपकी कमी हमें हमेशा खलेगी।' वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश साहू ने श्री राव की सादगी, संवेदनशीलता और कानूनी ज्ञान की सराहना करते हुए उनके व्यक्तित्व को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

## त्यौहारों को लेकर हुआ शांति समिति की बैठक का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

स्थानीय थाना परिसर में गत दिवस शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। नवरात्रोत्सव, दशहरा एवं अन्य त्यौहारों को देखते हुए की गई शांति समिति की बैठक में वरिष्ठजनों, प्रबुद्धजनों व युवा सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में विचार विमर्श उपरांत कुछ निर्णय लिए गए हैं। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार बैठक में नगर के नागरिकों द्वारा आवश्यक सुझाव दिए गए। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा डीजे संचालकों को कम वॉल्यूम में डीजे चलाने के निर्देश दिये गए। साथ ही दुर्गा प्रतिमा स्थापना समितियों के सदस्यों को भी सुझाव सहित आवश्यक दिशा निर्देश प्रशासन द्वारा दिए गए हैं।

### स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत नर्मदा नदी के तट पर की गई सफाई



माखननगर। स्वच्छता पखवाड़े में नर्मदा घाट पर की साफ सफाई माखन नगर ग्राम पंचायत नसीराबाद में ढाना नर्मदा तट पर जन अभियान परिषद एवं ग्राम पंचायत नसीराबाद द्वारा स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता खवाड़ाअभियान के अंतर्गत सफाई कार्य किया गया रविवार को पितृ मोक्ष अमावस्या है इस अवसर पर श्रद्धालु श्राद्ध कर्म कर पितृ को विदा करने नर्मदा नदी आते हैं श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना इसके लिए ग्राम पंचायत ने जन अभियान परिषद के साथ मिलकर घाट पर साफ सफाई का कार्य किया गया।

## रूपेश मेहरा के शरदोत्सव समिति के 'सिल्वर जुबली इयर प्रेसिडेंट बनने पर हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर में शरद पूर्णिमा पर शरदोत्सव समिति 24 वर्षों से प्रतिभा सम्मान समारोह व आर्केस्ट्रा करती आ रही है। तथा समिति ने सिल्वर जुबली इयर के लिये मीडियापर्सन रूपेश मेहरा को अध्यक्ष बनाया गया है।

जानकारी अनुसार प्रतिवर्ष यह समिति सांस्कृतिक आयोजन करती है। सिल्वर जुबली इयर के लिए समिति ने तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। इस वर्ष का आयोजन सात अक्टूबर 2025 को हाईस्कूल स्टेडियम में किया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को समिति की बैठक की गई। सदस्यों ने समिति की परंपरानुसार सर्वसम्मति से पत्रकार रूपेश मेहरा को समिति का अध्यक्ष चुना है। आयोजन में मुख्य अतिथि सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह उपस्थित होंगे।

अन्य अतिथियों के रूप में पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा एवं सोहागपुर नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल सहित गणमान्य नागरिक व अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस वर्ष आयोजन में रक्त दाताओं, क्षेत्रीय प्रतिभाओं तथा सामाजिक कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। इस बार की आयोजन समिति के अध्यक्ष बनाए जाने पर रूपेश मेहरा को क्षेत्रवासियों ने बधाई दी है।

## सांदिपनी विद्यालय के बच्चों ने किया पचमढ़ी का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सतपुड़ा की रानी के सुहावने मौसम में सान्दिपनि विद्यालय के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के अन्तर्गत राजेन्द्र गिरि नामक पर्यटन स्थल घुमाया गया। शिक्षक संजय टिकार ने राजेंद्र गिरि का ऐतिहासिक महत्व और विवरण विद्यार्थियों को समझाया। बच्चों ने यहां से सतपुड़ा की विभिन्न पर्वत श्रृंखलाओं जिनमें प्रमुख रूप से धूपगढ़, महादेव और चौरागढ के दर्शन किए।प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद द्वारा लगाया हुआ ऐतिहासिक बरगद के वृक्ष के दर्शन किए और सुन्दर बगीचे में खेले और मनोरंजन किये। सभी में हर्षोल्लास व्याप्त था।इस अवसर पर स्टाफ के संजय टिकार, शाहीन मंसूरी, अंसार खान,उमा नावड़ा, अंकित पाल और आउटसोर्स कर्मचारी मोनू अहिरवार उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला स्तरीय बैठक हुई

माखन नगर। श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में आज राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना जिला नर्मदापुरम के जिला संगठक प्रो. दिग्विजयसिंह खत्री द्वारा विभिन्न महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारियों से ऑनलाइन मोड पर यह संगोष्ठी आयोजित की गई थी। ऑनलाइन मीटिंग में राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्त इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह परिहार व विभिन्न महाविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक में 24 सितंबर को होने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का आयोजन वृहत रूप से मनाने के लिए आह्वान किया गया। साथ ही वर्ष भर होने वाली गतिविधियों पर चर्चा की गई।

## 'एक पंखा पितरों के नाम' शिक्षक ने स्कूल को दिया टीवी सेट




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा केंद्र नर्मदापुरम से डीपीसी डॉ. राजेश जायसवाल द्वारा 'एक पंखा पितरों के नाम' अभियान प्रारम्भ किया गया है। जिसके तहत जनपद शिक्षा केंद्र सोहागपुर से बीआरसी राकेश रघुवंशी, सुनीता गढ़वाल संकुल प्राचार्य सोहागपुर एवं जनशिक्षकों द्वारा अभियान को गति दी गई। अभियान में प्राथमिक शाला चित्तौड़पट्टन में पदस्थ शिक्षक भूरेलाल कहार ने 32 इंच का एलईडी टीवी सेट स्कूल में ही प्रदान किया है। इसके पहले भी ब्लॉक के कुछ शासकीय शिक्षक-शिक्षिकाओं व दानदाताओं ने सरकारी स्कूलों में सामग्री दान की है। इन सभी दानदाताओं का जनपद शिक्षा केंद्र एवं जनशिक्षा केंद्र एसजेएल स्कूल प्रबंधनों ने आभार व्यक्त किया है।

### श्री गणेश पूजन के साथ श्रीरामलीला मंचन प्रारंभ

# 100 वर्षों पुराना है रामलीला का इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर प्रतिवर्ष भगवान श्री रामचंद्र की लीलाओं का मंचन करती है। एक सदी पुराने मंचन का शुभारंभ समिति ने शुक्रवार रात श्री गणेश पूजन के साथ किया है।

समिति अध्यक्ष अनिल जैन से प्राप्त जानकारी अनुसार इस वर्ष भी स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन स्थानीय रामलीला मंच गांधी चौक में किया जाएगा। इसके पूर्व दिनांक 19 सितंबर को श्री गणेश पूजन के साथ मंचीय साज सज्जा का शुभारंभ किया गया है। वहीं 21 सितंबर से दो अक्टूबर 2025 तक रामलीला का मंचन स्थानीय रामलीला मंच गांधी चौक में आयोजित है। श्री रामलीला मंचन से जुड़े लोगों के बताये अनुसार 21 सितंबर को नारद मोह लीला का मंचन प्रथम दिवस में किया जाएगा। समिति ने आम नागरिकों तथा श्री रामभक्तों से उपस्थिति व सहयोग की अपेक्षा तथा अपील की है।

**एक सदी का इतिहास**

बताया जाता है कि सन 1922 में सोहागपुर की राम नाट्य समिति की स्थापना हुई थी। सोहागपुर में तभी से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की लीलाओं का मंचन प्रतिवर्ष किया जा रहा है। और बाद में श्रीराम नाट्य समिति का पंजीयन भी कराया गया। समिति की ओर से समस्त धर्म प्रेमी जनता से मंचन आयोजन में उपस्थित होकर श्रीराम प्रसंगों पर आधारित लीलाओं को देखने एवं श्री रामलीला मंचन में सहयोग की अपील की है। जानकारी अनुसार विजयादशमी के अवसर पर रावण दहन उपरांत श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ इस वर्ष के रामलीला मंचन का विराम होगा।

## सोहागपुर से शुजालपुर ले जाई गई 16 फीट ऊंची मां की प्रतिमा

सोहागपुर। सोमवार से नवरात्र पर्व प्रारंभ होगा। सोहागपुर का माटी कला कौशल मप्र में प्रसिद्ध है। प्रदेश के विविध क्षेत्रों में सोहागपुर में निर्मित मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की जाती है। शनिवार को मां दुर्गा की लगभग 16 फीट ऊंची प्रतिमा शुजालपुर के लिए ले जाई गई है। प्रतिमा को क्रेन से वाहन पर चढ़ाया गया। यह क्रम आगामी तीन दिनों तक जारी रहेगा।




### पचमढ़ी उमंग गरबा महोत्सव की तैयारी शुरू



पचमड़ी। उमंग गरबा महाउत्सव इस वर्ष अपने १२ साल में प्रवेश कर चुका है और इस वर्ष की तैयारी को जोरो दौरों से चल रही है। इस वर्ष की ताईयारी 5 सितंबर से प्रारंभ हो चुकी है। प्रतिभागी गरबे की धुन में तैयारी कर रहे हैं एवं कार्यक्रम का इंतजार कर रहे हैं। गरबे का मुख्य कार्यक्रम 26 27 28 को रहेगा।

**कार्यालय, प्राचार्य अग्रणी शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम (म.प्र.)**

फोन/फैक्सः 07574-254072 ईमेलः heghsgpgchos@mp.gov.in
महाविद्यालय कोड- 3202 महाविद्यालय वि.वि. कोड 147
www.mp.gov.in/highereducation/hoshangabad NAAC Grade - B++

क्रमांक 2357/स्था./ 2025 नर्मदापुरम, दिनाँक -20/09/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

महाविद्यालय में स्टेशनरी क्रय किये जाने हेतु एम.पी.ई. टेंडर पोर्टल पर निविदा जारी की गई है निविदा में भाग लेने हेतु एम.पी.ई. टेंडर पर दर्शित प्रक्रिया अनुसार निविदा में भाग लिया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Start Date | 19.09.2025 |
| 2. | End Date | 10.10.2025 |

प्राचार्य
शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय
नर्मदापुरम (म.प्र.)

## खबर संक्षेप



### सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

**रहटगांव।** प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा वर्ष 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। यह पखवाड़ा 2 अक्टूबर मनाया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन ग्राम पंचायतों में अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में 20 सितंबर को सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच हेतु तीन स्थानों में शिविर आयोजित किए गए। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टिमरनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौसर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रहटगांव में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में डॉक्टर एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम सहित जनपद पंचायत व ग्राम पंचायत का अमला मौजूद रहा। रहटगांव व नौसर में आयोजित शिविर में वहां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर व उस सेक्टर के पंचायत सचिव उपस्थित रहे। वहीं टिमरनी क्षेत्र अंतर्गत आने वाली सभी पंचायत से सफाई मित्रों को जनपद पंचायत सभागार में बुलाकर उनके स्वास्थ्य की निशुल्क जांच कराई गई एवं उन्हें डिग्निटी कार्ड का वितरण भी किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर महेंद्र कुशवाहा, डॉक्टर पुष्पा देशमुख, स्वास्थ्य विभाग की की टीम, जनपद पंचायत से केएस कामले एडीईओ, ऊपवन धार्मिक बीसीएसबीएम एवं ग्राम पंचायत के सचिव उपस्थित रहे।

### 24 घंटों में जिले में 6.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 6.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 0 मि.मी., टिमरनी में 0 मि.मी., खिरकिया में 0 मि.मी., सिराली में 32.2 मि.मी. तथा रहटगांव में 0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 1074.6 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 936.6 मि.मी., टिमरनी में 1205.1 मि.मी., खिरकिया में 1134.3 मि.मी., सिराली में 1110.9 तथा रहटगांव में 986.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 20 सितम्बर तक 994 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### शिविर में 9274 लोगों को दी स्वास्थ्य सेवाएं

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने व मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जिले में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिलेभर में स्वास्थ्य संस्थाओं पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर महिलाओं, किशोरियों एवं नागरिकों स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सीएमएचओ सुधीर डेहरिया ने बताया कि अभियान के तहत गुरुवार को स्वास्थ्य शिविरों में 7060 महिलाओं और किशोरियों व 2214 पुरूषों की जांच की गईं और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

### बिजली कनेक्शन लेने करें ऑनलाइन आवेदन

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिये सरल और सुविधाजनक तरीके से त्वरित नवीन बिजली कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं। इसके लिए उपभोक्ताओं को सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करते ही निर्धारित समयावधि में घर बैठे ही नवीन कनेक्शन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। कंपनी द्वारा विगत जुलाई 2023 से शुरू किये गये ऑनलाइन सरल संयोजन पोर्टल योजना में 10 किलोवॉट तक के अस्थायी कनेक्शन भी शामिल हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया है कि कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल पर आवेदन करते ही निर्धारित समयावधि में तत्काल नया बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है।

## हरदा दौरे पर आए पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री किसानों से मिले

# राज्य सरकार सोयाबीन खरीदी करने के लिए प्रस्ताव भेजेगी तो केंद्र अनुमति देगा: शिवराज सिंह चौहान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को हरदा जिले के ग्राम बावड़िया पहुंचे, जहां उन्होंने एक शोकाकुल परिवार से संवेदना व्यक्त की। छीपानेर के नर्मदा पुल पर पूर्व मंत्री कमल पटेल और टिमरनी के पूर्व विधायक संजय शाह ने उनका स्वागत किया।

उन्होंने पत्रकार से बात करते हुए कहा कि प्रदेश के किसानों से सोयाबीन की खरीदी समर्थन मूल्य पर मूंग की तरह हो सकती है, लेकिन उसके लिए पहले राज्य सरकार द्वारा प्रस्ताव भेजा जाएगा उसके बाद केंद्र सरकार अनुमति देती है। छीपानेर की महिलाओं ने मंत्री से मुलाकात कर बताया कि उन्हें लाड़ली बहना योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इस पर चौहान ने मामले की जांच कर समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान पूछा गया कि क्या सरकार समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की खरीदी करेगी? इस पर शिवराज ने कहा कि यह काम राज्य का होता है, राज्य से प्रस्ताव मिलने के साथ ही अनुमति दी जाएगी। ग्राम अबगांवखुर्द में स्वागत कार्यक्रम के दौरान एक किसान ने कहा कि किसानों ने कल ही उन्हें याद किया था। इस पर मंत्री ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया- तुमने बुलाया और हम चले आए। हरदा सर्किट हाउस में विधायक डॉ. आर. के. दोगने और कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन विश्नोई के साथ किसान आक्रोश मोर्चा के सदस्य मिले। किसानों ने सोयाबीन और मक्का की फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए जल्द पंजीयन शुरू करने की मांग की। साथ ही बारिश से खराब हुई फसल का सर्वे कराकर राहत राशि और बीमा दिलाने की भी गुहार लगाई।

### सोयाबीन को समर्थन मूल्य पर खरीदने का काम राज्य सरकार का

मीडिया से चर्चा के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सोयाबीन को समर्थन मूल्य पर खरीदने का काम राज्य सरकार का होता है। जैसे ही राज्य सरकार से समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए प्रस्ताव आता है। हमारे द्वारा अनुमति दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 22 सितंबर से सभी कृषि यंत्रों की दर पांच प्रतिशत हो जाएंगी। जिले की सीमा में प्रवेश करते ही उनका जगह जगह भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान पूर्व मंत्री कमल पटेल, पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बावड़िया में संक्षिप्त प्रवास के दौरान कदम का पौधा भी लगाया।

## कांग्रेसियों ने खाद की दिक्कत और सोयाबीन की समर्थन मूल्य मांग से कराया अवगत

**खिरकिया ।** छीपाबड़ चौराहे पर केंद्रीय कृषि मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कांग्रेसियों को देखकर अपनी कार से उतर गए। कांग्रेसी पहले नारेबाजी करने के मूड में थे लेकिन सेंट्रल मिनिस्टर चौहान की सहजता से माहौल सौहार्द्रपूर्ण हो गया। खुशनुमा माहौल में समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। नगर कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष कोठारी, ब्लॉक अध्यक्ष शंकर सिंह सोलंकी जितेंद्र राजपूत गोल्डी कुशवाह समेत अन्य कांग्रेसियों ने शिवराज सिंह चौहान को क्षेत्र में हो रही खाद की दिक्कत और सोयाबीन की समर्थन मूल्य खरीदी के संबंध में आ रही परेशानियों के बारे में बताया । केंद्रीय मंत्री चौहान ने इस पर कहा कि राज्य शासन से प्रस्ताव आने पर केंद्र में समर्थन मूल्य की खरीदी पर विचार किया जाएगा और जल्द से जल्द किसानों को अधिक से अधिक खाद मिल सके इस संबंध में प्रयास किया जा रहे हैं। कांग्रेसी जैसे ही सड़क पर खाली खाद की बोरी लेकर शिवराज सिंह चौहान की कार की ओर आते दिखे तो सहजता से उन्होंने अपना वाहन रूकवा दिया और उनसे चर्चा की एवं समाधान करने का प्रयास किया। पूर्व मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को सड़क पर पैदल चलता देखकर महाराणा प्रताप चौराहे पर बड़ी संख्या में नागरिकों की भीड़ भी लग गई। कुछ कदम चलने के बाद शिवराज सिंह चौहान भारतीय जनता पार्टी के स्वागत स्थल पर पहुंचे जहां पर उनका पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

# नर्मदापुरम विभाग के 3 जिलों से 219 प्रतिभागियों ने भागीदारी की, 65 भैया, 154 बहनें शामिल हुईं

### विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव का हुआ आयोजन




**हरदा।** विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान और सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मध्यभारत प्रांत के मार्गदर्शन में सरस्वती शिशु मंदिर हरदा मे आयोजित विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव का आयोजन भव्यता और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

दो दिवसीय संस्कृति महोत्सव विद्यालय में सम्पन्न हुआ। इस महोत्सव में नर्मदापुरम विभाग के तीन जिलों से कुल 219 प्रतिभागियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की, जिसमें 65 भैया और 154 बहनें शामिल थीं। साथ ही 26 संरक्षक आचार्य दीदी भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल रहे। महोत्सव के दौरान कुल 19 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, प्रतियोगिता में शास्त्रीय गायन, वादन, नृत्य, तात्कालिक भाषण, सामान्य प्रश्नमंच और अन्य प्रतियोगिता शामिल थी जिसमें भैया और बहनों ने अत्यधिक उम्दा और मनोरंजक प्रदर्शन किया। कुछ प्रतियोगिताओं के परिणाम तो अतुलनीय थे, जिनमें निर्णायकों को अपने निर्णय में काफी समय तक विचार करना पड़ा। इस बार महोत्सव में 45 निर्णायकों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणामों पर गहन विचार-विमर्श किया और अंततः उत्कृष्ट परिणाम घोषित किए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय समिति के सचिव एवं जिला प्रतिनिधि संदीप केकरे और कोषाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल उपस्थिति रहे। महोत्सव का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसमें विभाग समन्वयक सौरभ उपाध्याय, चंद्रशेखर और महोत्सव संयोजक अशोकदुबे भी थे।

### उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया

प्रतियोगियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। महोत्सव की सफलता में 4 विभागीय अधिकारियों और 40 आचार्य दीदियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस महोत्सव के सफल समापन के बाद, प्रांत स्तरीय महोत्सव 4 अक्टूबर की शाम से 6 अक्टूबर की दोपहर तक सरस्वती शिशु मंदिर, पदमपुरा रोड, पचौर में आयोजित होगा। इस महोत्सव में, विभाग स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले भैया और बहनें हिस्सा लेंगे।इस प्रकार, संस्कृति महोत्सव न केवल मनोरंजन का साधन था, बल्कि यह युवा प्रतिभाओं के बीच प्रतिस्पर्धा और सामूहिकता की भावना को भी प्रोत्साहित करने वाला एक महत्वपूर्ण आयोजन साबित हुआ।

## प्रतिभा को विकसित करने के उद्देश्य से महोत्सव का आयोजन किया

# जिला स्तरीय बालरंग समारोह में छात्र-छात्राओं ने किया विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हरदा।** विद्यालयीन छात्र-छात्राओं में निहित सृजनात्मकता एवं रचनात्मकता के नए आयाम उपलब्ध कराने तभा विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को विकसित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय बाल रंग महोत्सव का आयोजन शहर की स्थानीय संस्था डॉक्टर बी आर अंबेडकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में शुक्रवार को संपन्न हुई।



बालरंग कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग के लिए अलग-अलग विभिन्न प्रकार की गायन, वादन, शास्त्रीय नृत्य, लोकगीत, लोकनृत्य, प्रश्न मंच, वाद विवाद, तात्कालिक भाषण, कव्वाली, नज्म, चित्रकला, निबंध, भाषण, अभिनय आदि विधाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजा व दीप प्रज्जवलन से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी. सहायक संचालक बलवंत पटेल, सहायक परियोजना समन्वयक अधिकारी ओमशंकर महाजन, संस्था के प्रचार्य संतोष कुमार यादव की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका पी.एस.केवट प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल गहाल, अनुराधा पवार प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल छिदगांवमेल. और गोविंद पवार प्राचार्य शा.हाई. स्कूल महेंद्रगांव रहें । कार्यक्रम का संचालन संस्था की कार्यक्रम प्रभारी संस्कृत भाषा शिक्षिका हेमलता अग्रवाल ने किया। निबंधलेखन व संस्कृतभाषण प्रतियोगिता में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय प्रथम रहा, लोकगीत ,सुगम संगीत एवं प्रश्नमंच में एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल टिमरनी प्रथम रहा। कनिष्ठ वर्ग गायन,वादन में जानर एजुकेशन सिस्टम स्कूल हरदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय नृत्य एवं वादन में ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल हरदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लोकनृत्य एवं उर्दू कव्वाली में महात्मा गांधी विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।वाद विवाद वरिष्ठ वर्ग एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में महर्षि ज्ञानपीठ स्कूल हरदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।वाद विवाद कनिष्ठ वर्ग में माय किड्स एकेडमी हरदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिव्यांग युगल अभिनय में सांदिपनी हायर सेकेण्डरी विद्यालय अबगांवकला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शिक्षिका शोभा राय, श्रीलता कुट्टी, नितीन सोनी, ओमप्रकाश लोखंडे, हरीष सिसोदिया, उपस्थित रहे।शहर के तीनों विकासखंड के विजेता प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधिकारी ने बधाई दे बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम प्रभारी हेमलता अग्रवाल ने बताया कि विजेता प्रतिभागियों 4 अक्टूबर को संभालस्तर प्रतियोगिता नर्मदापुरम में शामिल होंगे ।

## सीईओ ने किया निरीक्षण

# जिला अस्पताल में अनाउंसमेंट सिस्टम शुरू करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

शनिवार को जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा और जनपद पंचायत के सीईओ डॉ. श्रीकृष्णा सुशिर ने जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. गौड़ा ने सीसीटीवी सिस्टम के सभी कैमरे एक ही कंट्रोल रूम से नियंत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में एंट्री पास व्यवस्था अगले सप्ताह तक लागू करने के निर्देश भी दिए, ताकि मरीजों को सही उपचार मिले और वार्डों में अनावश्यक भीड़भाड़ न हो। डॉ. गौड़ा ने अस्पताल परिसर में पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम शुरू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने नया ब्लड बैंक और पोषण पुनर्वास केंद्र शीघ्र शुरू करने पर जोर दिया। उन्होंने जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज के स्टाफ एवं डॉक्टरों से आपसी तालमेल बनाकर मरीजों के उपचार की बेहतर व्यवस्था करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत, सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल, मेडिकल कॉलेज के सुपरिंटेंडेंट डॉ. रंजीत बडोले, डॉ. सुनील बाजोलिया, आर.एम.ओ. डॉ. एम. कलमे और डॉ. शक्ति सिंह राठौड़ सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## परीक्षण कर प्रमाण पत्र वितरित किए गए

# सांदीपनि में दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

सांदीपनि विद्यालय पंधाना में विकासखंड स्तरीय दिव्यांग बच्चों का परीक्षण किया गया। इस दौरान कुल 130 छात्र-छात्राओं का परीक्षण किया गया, जिनमें अस्थिबाधित, दृष्टिबाधित एवं अन्य दिव्यांग बच्चों का परीक्षण कर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। यह परीक्षण पंधाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों द्वारा किया गया। आवश्यक दवाइयों का भी वितरण किया गया।




कार्यक्रम का निरीक्षण पंधाना एसडीएम मैडम द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओंकार ने नेत्र परीक्षण किया। साथ ही डॉ. श्रद्धा, डॉ. पुरवा कुशवाहा, डॉ. जाकिर अंसारी, राम गोलकार आदि उपस्थित रहे। परीक्षण कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी जयेश पाटीदार, वरिष्ठ शिक्षक राजेश तिवारी, हायर सेकेंडरी प्राचार्य रुस्तमपुर राधेश्याम जोशी, कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य शिवकरण गोलकार, प्रतीक जैन, डॉ. जया कमेरिया, राकेश काकडे, हेल्थ वीटी ज्योतेश्वरी, राजेश देवकरण, जितेश मसानी, नटवर खान और स्वप्ननेश सोनी सहित अन्य भी उपस्थित थे।

## पाइप लाइन फटने से हजारों लीटर पानी बर्बाद: कुछ दिन पहले भी पाइप लाइन हुई थी डैमेज

**सीहोर।** बस स्टैंड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के पास पेयजल की मुख्य पाइपलाइन फट गई। इस कारण हजारों लीटर पानी सड़कों पर बह गया। जबकि इस साल बारिश भी कम हुई है और पानी की किल्लत बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह अचानक पेयजल लाइन में बड़ा लीकेज हो गया। राहगीरों ने पानी बहते देखा तो तुरंत अधिकारियों को सूचना दी, लेकिन काफी देर तक मरम्मत का काम शुरू नहीं हुआ। इतनी देर में हजारों लीटर पानी बर्बाद होता रहा। लोगों का कहना है कि इससे पहले भी मछली पुल से रेलवे स्टेशन मार्ग पर मुख्य पाइपलाइन फटने से बड़ी मात्रा में पानी बह चुका है। बार-बार हो रहे ऐसे हादसों से पेयजल संकट और गहरा सकता है। गौरतलब है कि सीहोर में इस बार मानसून कमजोर रहा। जिले में अब तक 976 एमएम बारिश हुई है, जबकि पिछले साल 1036 एमएम दर्ज की गई थी।

## हिट-एंड-रन की घटना, रिलायंस पेट्रोल पंप के पास पंधाना रोड पर हादसा

# ट्रक ने सड़क किनारे बैठे व्यक्ति को कुचला, ड्राइवर की तलाश

**खंडवा।** हिट-एंड-रन की घटना सामने आई है। पदम नगर थाना क्षेत्र के पंधाना रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास ट्रक ने सड़क किनारे बैठे एक व्यक्ति को कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। पूरी घटना का सीसीटीवा फुटेज भी सामने आया है। पुलिस ट्रक चालक की तलाश में जुट गई है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान छतर सिंह (50), निवासी रूप फटा गांव, झिरनिया तहसील, खरगोन जिला के रूप में हुई है। वे खंडवा अपने एक रिश्तेदार के 13वें कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। वापसी के दौरान पंधाना रोड पर पानी पीने के लिए रुके थे। इसी दौरान उनका बेटा पानी लेने गया था। तभी अज्ञात ट्रक चालक ने तेज गति से ट्रक चढ़ा दिया और फरार हो गया। हादसे के बाद बेटे की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए और घायल को तुरंत खंडवा मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने छतर सिंह को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर डायरी पदम नगर थाने भेज दी है। पदम नगर थाना पुलिस ने हिट-एंड-रन के मामले में केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।



### टैंकर की मरम्मत के दौरान दम घुटने से ड्राइवर की मौत

*खंडवा। गुलशन नगर निवासी अशफाक (42) पिता अजीज की शनिवार को टैंकर की मरम्मत के दौरान दम घुटने से मौत हो गई। वे पिछले 15 सालों से डेढ़तलाई स्थित अशोक मिश्रा के पेट्रोल पंप पर टैंकर ड्राइवर के तौर पर काम कर रहे थे। हादसा कोरगला रोड स्थित एक सर्विस सेंटर पर हुआ। अशफाक टैंकर के अंदर उतरकर रिपेयरिंग कर रहे थे। टैंकर में करीब एक फीट पानी भरा था। इसी दौरान भीतर गैस बनने लगी, जिससे उनकी सांसें रुक गईं। जब तक साथी कर्मचारी उन्हें बाहर निकालकर जिला अस्पताल ले गए, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अशफाक अपने पीछे पत्नी, चार बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं।*